PUBLICATION	EDITION	DATE
Jagmarg	Chandigarh	08/04/2017

कामधेनु ने लांच किया नई पीढ़ी का 'इंटरलॉक स्टील कामधेनु नेक्स्ट '

जगमार्ग न्यूज
चंडीगढ़, 7 अप्रैल

कामधेनु लिमिटेड ने उच्च गुणवत्ता वाले इंटरलॉक रीबार डबल रिब सरिये की उन्नत किस्म के कामधेनु नेक्स्ट को बाजार में पेश किया। इस उत्पाद को लांच करने के लिए कामधेनु लिमिटेड के निदेशक, सुनील अग्रवाल विशेष रूप से चंडीगढ़ पहुंचे।

इस मौके पर कामधेनु लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल ने बताया कि कंपनी बेजोड़ मजबूती, बेहतर क्षमता वाला डबल रिब सरिये की उन्नत किस्म का कामधेनु (कामधेनु नेक्स्ट) काफी आर एंड डी के बाद बाजार में उतारा है। इस सरिये की पकड़ अन्य सरियों से ढाई गुणा अधिक है।

कंपनी ने कंक्रीट को अन्य सरिये के मुकाबले ढाई गुना ज्यादा इंटरलॉक पकड़ देने वाला कामधेनु नेक्स्ट सभी मानकों पर खरा है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय बाजार में बेहतर इस्पात और इंटरलॉक स्टील की नई पीढ़ी का उत्पाद कामधेनु नेक्स्ट भूकंप में भी बेहतरीन सुरक्षा प्रदान करता है। गगनचुंबी इमारतें आज के समय की जरूरत बनती जा रही है और इन इमारतों को सुरक्षा प्रदान करने में टीएमटी सरिया की भूमिका अहम होती है, जितनी बेहतर इंटरलॉकिंग होगी इमारत उतनी ही टिकाऊ होगी। इसी के तहत कामधेनु नेक्स्ट को कंपनी ने काफी अनुसंधान के बाद विकसित किया है। कंपनी ने इस इंटरलॉक स्टील को बीएसआई मानकों से भी बेहतर बनाया है जिससे बेहतरीन मजबूती और लचीलापन मिलता है। इसकी डबल रिब इंटरलॉक क्षमता कंक्रीट के साथ ढाई गुना बेहतर पकड़ बनाकर निर्माण को सुरक्षात्मक मजबूती प्रदान करती है ।

कामधेनु लिमिटेड के निदेशक सुनील अग्रवाल डबल रिब सरिये की उन्नत किस्म के कामधेनु नेक्स्ट को लांच करते हुए ।